नामांक Roll No.

No. of Questions — 30

No. of Printed Pages — 3

SS—13—Hist. (D & D)

उच्च माध्यमिक (मूक-बधिर) परीक्षा, 2015

इतिहास

(HISTORY)

समय : $4\frac{1}{4}$ घण्टे

पूर्णांक : 80

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :

1. परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें।

2. **सभी** प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं।

3. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें।

4. जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें।

5.

प्रश्न संख्या	अंक प्रत्येक प्रश्न	उत्तर की शब्द सीमा
1 - 9	1	10 शब्द
10 - 17	2	20 शब्द
18 - 27	4	60 शब्द
28 - 30	5	150 शब्द

6. प्रश्न क्रमांक **28** से **30** में आंतरिक विकल्प हैं।

1. मगध के सर्वाधिक शक्तिशाली महाजनपद बनने के कोई दो कारण बताइए। $\frac{1}{2} + \frac{1}{2} = 1$
2. बर्नियर द्वारा मुगलकालीन शहरों को क्या नाम दिया गया ? 1
3. विजयनगर साम्राज्य के संस्थापक कौन थे ? $\frac{1}{2} + \frac{1}{2} = 1$
4. अंग्रेजों द्वारा भारतीय समाज में सुधार हेतु बनाये गये दो कानून बताइए। $\frac{1}{2} + \frac{1}{2} = 1$
5. 'अमर-नायक' प्रणाली किसकी देन है ? 1
6. विट्ठल किस देवता का स्वरूप माने जाते हैं ? 1
7. विजयनगर की प्रसिद्धि के कोई दो कारण बताइए। $\frac{1}{2} + \frac{1}{2} = 1$
8. अखिल भारतीय जनगणना का प्रथम प्रयास कब किया गया ? 1
9. संवैधानिक सलाहकार के रूप में एस. एन. मुखर्जी की क्या भूमिका थी ? 1
10. मोहनजोदड़ो में विशिष्ट सार्वजनिक प्रयोजनों के लिए उपलब्ध कोई दो संरचनायें बताइए। 1 + 1 = 2
11. जाति के प्रति अलवार और नयनार संतों का दृष्टिकोण क्या था ? 2
12. भूमि दान के सकारात्मक और नकारात्मक प्रभाव बताइए। 1 + 1 = 2
13. 'पहाड़िया' से आप क्या समझते हैं ? 2
14. रानी लक्ष्मी बाई की लोक छवि बताइए। 'खूब लड़ी मर्दानी' पंक्तियाँ किस कवयित्री की हैं ? 1 + 1 = 2
15. 1857 की क्रान्ति की स्मृति को कला व साहित्य ने किस प्रकार जीवित रखा ? 2
16. भारतीय किसान की दृष्टि में गाँधी जी की छवि का निरूपण कीजिए। 2
17. मार्च, 1947 के पश्चात रक्तपात की घटनाओं के कोई दो कारण बताइए। 1 + 1 = 2
18. हड़प्पा की नियोजित जल निकास प्रणाली स्पष्ट कीजिए। 4
19. मौर्य वंश की जानकारी आप किस प्रकार प्राप्त कर सकते हैं ? 4
20. 'भू-स्वामित्व' पर बर्नियर के विचार बताइए। 4

21. निम्नलिखित से आप क्या समझते हैं ? 2 + 2 = 4

 i) खानकाह

 ii) चिश्ती सिलसिला।

22. इस्तमरारी बन्दोबस्त को बंगाल के बाहर लागू नहीं करने के पीछे मुख्य कारण बताइए। 4

23. मुगलकालीन भू-राजस्व प्रणाली का वर्णन कीजिए। 4

24. 'हिल स्टेशन औपनिवेशिक शहरी विकास की एक विशिष्टता थी।' स्पष्ट कीजिए। 4

25. गाँधी जी की नमक यात्रा का उद्देश्य एवं महत्व बताइए। 2 + 2 = 4

26. ''भारत में पाकिस्तान से नफरत करने वाले और पाकिस्तान में भारत से नफरत करने वाले दोनों बंटवारे की उपज थे।'' स्पष्ट कीजिए। 2 + 2 = 4

27. दमित जातियों के विकास के लिए संविधान सभा द्वारा दिये गये सुझावों का उल्लेख कीजिए। 4

28. गोत्र व्यवस्था को समझाइये। क्या विवाह के समय इसके नियमों का पालन अनिवार्यतः होता था ? 2 + 3 = 5

अथवा

मनुस्मृति के अनुसार चाण्डालों के कर्तव्य बताइए तथा वर्ण व्यवस्था में कुछ लोगों को बाहर रखने के पीछे के कारणों का उल्लेख कीजिए। 2 + 3 = 5

29. आरम्भिक बौद्ध धर्म की पृष्ठभूमि को स्पष्ट कीजिए। 5

अथवा

'सम्पूर्ण विश्व प्राणवान है' की अवधारणा के आधार पर महावीर स्वामी का संदेश बताते हुए जैन धर्म के विस्तार को बताइए। 5

30. ''मुगलों की सुलह-ए-कुल की नीति एकीकरण का एक स्रोत थी।'' स्पष्ट कीजिए। 5

अथवा

'जात' व 'सवार' से आप क्या समझते हैं ? मुगलकाल में इन पदों पर भर्ती की प्रक्रिया स्पष्ट कीजिए। 2 + 3